करेंट अफेयर्स

10 मार्च 2022

बिहार विशेष

बिहार की अनीता गुप्ता को नारी शक्ति पुरस्कार

चर्चा में क्यों– 08 मार्च, 2022 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश की 29 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान किया। इनमें पहला पुरस्कार बिहार की भोजपुर की रहने वाली अनीता गुप्ता को दिया गया।

मुख्य बिंदु– उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 2020 के लिए प्रदान किया गया। कोरोना महामारी के चलते वर्ष 2020 का पुरस्कार प्रदान नहीं किया गया था।

अनीता गुप्ता एक सामाजिक उधमी हैं। घरेलू हिंसा देखने के बाद, उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के लिए NGO का गठन किया। इस NGO के माध्यम से 500+ स्वयं सहायता समूहों की स्थापना की। स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित करने वयस्कों को शिक्षा प्रदान करने के साथ ही वह ग्रामीण महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही हैं। उन्होंने 50,000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया है।

किशनगंज में 30 सालों में दो हजार गुना बढ़ी चाय की खेती

चर्चा में क्यों– बिहार सरकार द्वारा विशेष फसल उधानिक विकास योजना के तहत इस बार चाय की खेती को शामिल किया गया है। चाय के पौधे लगाने वाले किसानों को 50% अनुदान मिलेगा। सरकार का किशनगंज में 75 हेक्टेयर का लक्ष्य है।

मुख्य बिंदु– किशनगंज बिहार का इकलौता ऐसा जिला है, जहाँ चाय की खेती होती है। वर्ष 1992 में पाँच एकड़ से शुरू हुई चाय की खेती का रकबा बढ़कर आज 10 हजार एकड़ तक पहुँच गया है। वर्तमान में जिले में 09 निजी और एक सरकारी टी–प्रोसेसिंग प्लांट चल रहे हैं।

कुपोषित बच्चों के लिए 'पोषक लड्डू'

चर्चा में क्यों– बिहार में पूर्व से दिए जा रहे पोषक लड्डू के बावजूद कुपोषण की स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं होने की वजह से समेकित बाल विकास निदेशालय ने एक अतिरिक्त पोषक लड्डू खरीद का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु– समेकित बाल विकास सेवाएँ निदेशालय के माध्यम से राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण से निपटने के लिए पोषक लड्डू दिये जाएंगे।

अन्य बिंदु– राज्य में कुल 4.70 लाख अति कुपोषित बच्चे हैं तथा राज्य भर में 1.14 लाख आंगनबाड़ी केंद्र हैं।

राष्ट्रीय

भारत ने 2021 में रिकॉर्ड 10 हजार मेगावॉट सौर क्षमता स्थापित की

चर्चा में क्यों– हाल ही में जारी मरकॉम इंडिया रिसर्च के रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2021 के दौरान रिकॉर्ड 10 हजार मेगावॉट सौर क्षमता स्थापित की है।

मुख्य बिंदु– इसमें सालाना आधार पर 212 प्रतिशत वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्ष 2020 के दौरान 32.00 मेगावॉट सौर क्षमता स्थापित की गई। दिसंबर 2021 तक देश में तीन राज्य राजस्थान, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश ने सौर ऊर्जा क्षमता में कुल मिलाकर 50% का योगदान दिया। वर्ष 2021 में राजस्थान ने अकेले 4500 मेगावाट सौर क्षमता जोड़े।

डोनेट–ए–पेंशन 'कार्यक्रम'

चर्चा में क्यों– केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सहायक कर्मचारियों की पेंशन बनाने और उसमें योगदान देने के लिए 07 मार्च, 2022 को प्रधानमंत्री श्रम के तहत 'डोनेट–ए–पेंशन' कार्यक्रम की शुरूआत की।

मुख्य बिंदु– इस पहल के तहत लोग अपने तत्काल सहयोगी स्टाफ जैसे घरेलू कामगार, ड्राइवर, हेल्पर आदि के प्रीमियम योगदान को दान कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) के विषय में– यह योजना 15 फरवरी 2019 को लागू किया गया था। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 60 साल की आयु के पश्चात 3000 रूपये पेंशन धनराशि हर महीने दी जाती है। इसके माध्यम से उन सभी असंगठित क्षेत्र के कामगारों को पेंशन प्रदान की जाती है जिनकी मासिक आय 15000 रू० या फिर इससे कम है।

कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव

चर्चा में क्यों– अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) के अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने नई दिल्ली में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान की शुरूआत की।

मुख्य बिंदु– इस अभियान का उद्देश्य स्कूल में किशोरियों (11 से 14 वर्ष) की संख्या के नामांकन और प्रतिधारण को बढ़ाना है। यह मुख्य रूप से उन लड़कियों के लिए है, जिनका किसी कारणवश स्कूल जान बंद हो गया है।

यह अभियान महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र कोष (यूनिसेफ) के सहयोग से शुरू किया गया है।

समर्थ अभियान

चर्चा में क्यों– अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूक्ष्म लघु और मध्यम उधम मंत्री नारायण राणे ने नई दिल्ली में एक विशेष उधमिता प्रोत्साहन अभियान समर्थ का शुभारंभ किया।

मुख्य बिंदु– इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बनाने में मदद करेगा।

समर्थ अभियान के तहत मुफ्त कौशल विकास कार्यक्रमों में 20% सीटें इच्छुक और मौजूदा महिला उद्यमियों के लिए आवंटित की जाएंगी।

अंतर्राष्ट्रीय

इंटरनेशल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (IEVP)

चर्चा में क्यों– 07 मार्च, 2022 को भारतीय निर्वाचन आयोग ने 32 देशों के चुनाव प्रबंधन संगठनों (EMB) और चार अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (IEVP) की वर्चुअल माध्यम से मेजबानी की।

मुख्य बिंदु– ऑनलाइन भाग ले रहे 150 से ज्यादा EMB प्रतिनिधियों के सामने वर्तमान में गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जारी विधान सभा चुनावों का एक सामान्य खाका प्रस्तुत किया गया। भारत में नौ देशों के राजनयिक कॉर्प्स के राजदूतों/उच्चायुक्तों और अन्य सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया।

अन्य बिंदु– भारत 2012 के चुनावों से ही इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (IEVP) की मेजबानी कर रहा है, जहाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया जाता है और मौजूदा चुनावी प्रक्रियाओं से व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया जाता है।

चार दिवसीय इंडो–पैसिफिक मिलिट्री हेल्थ एक्सचेंज सम्मेलन

चर्चा में क्यों– 07 मार्च, 2022 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चार दिवसीय इंडो–पैसिफिक मिलिट्री हेल्थ एक्सचेंज (IPMHE) सम्मेलन का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु– इसकी सह मेजबानी सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) और यूएस–इंडो पैसिफिक कमांड द्वारा की गई थी। सम्मेलन का थीम "एक अस्थिर, अनिश्चित जटिल और अस्पष्ट दुनिया में सैन्य स्वास्थ्य सेवा" है। सम्मेलन 10 मार्च तक चलेगा। इसका उद्देश्य सैन्य चिकित्सा में सहयोग और संयुक्त कौशल को बढ़ाना है। इसमें ऑपरेशन/कम्बैट मेडिकल केयर, ट्रॉपिकल मेडिसिन, फील्ड सर्जरी, फील्ड एनेस्थिसिया, एविएशन और मरीन मेडिसिन इमरजेंसी आदि सहित कई महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे।

सम्मेलन में 38 से अधिक देशों के 600 से अधिक भारतीय और विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सुरक्षा

नौसेना अभ्यास SLINEX

चर्चा में क्यों– भारत–श्रीलंका द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास का नौंवा संस्करण SLINEX 07 मार्च से 10 मार्च 2022

तक विशाखापत्तनम में निर्धारित है।

मुख्य बिंदु– यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है: 07 मार्च–08 मार्च 2022 को विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद 09–10 मार्च 2022 को बंगाल की खाड़ी में समुद्र चरण।

इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों नौ सेनाओं के बीच बहुआयामी समुद्री संचालन के लिए अंतर–संचालन क्षमता को बढ़ाना, आपसी समझ को बेहतर करना और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं एवं प्रक्रियाओं का आदान–प्रदान करना है।

पुरस्कार एवं सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति पुरस्कार

चर्चा में क्यों– 08 मार्च, 2022 को, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 29 महिलाओं को 28 नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुख्य बिंदु– इनमें 2020 के लिए 14 पुरस्कार और 2021 के लिए 14 पुरस्कार शामिल हैं।

नारी शक्ति पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा किए जाने वाले उल्लेखनीय योगदान के लिए मान्यता स्वरूप महिला और बाल विकास मंत्रालय की पहल के तहत प्रदान किए जाते हैं।

एनएमडीसी को मिले इस्पात मंत्रालय के राजभाषा पुरस्कार

चर्चा में क्यों– हाल ही में भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने इस्पात मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की मदुरै में संपन्न बैठक में राजभाषा पुरस्कार ग्रहण किए।

मुख्य बिंदु– एनएमडीसी को 2018–19 एवं 2020–21 के लिए इस्पात राजभाषा प्रथम पुरस्कार और 2019–20 के लिए इस्पात राजभाषा प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें भारत की राजभाषा को व्यवहार में लाने के लिए किये गए प्रयासों के लिए ये पुरस्कार दिये गए।

NMDC के विषय में– राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एक सरकारी स्वामित्व वाला खनिज उत्पादक है। यह भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के स्वामित्व में है। यह भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक और निर्यातक हैं, जो छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में तीन मशीनीकृत खदानों से 35 मिलियन टन से अधिक लौह अयस्क का उत्पादन करता है। यह मध्यप्रदेश के पन्ना में देश में एकमात्र यंत्रीकृत हीरे की खान भी संचालित करता है।

खेल–कूद

छह क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने वाली पहली क्रिकेटर बनी मिताली राय

चर्चा में क्यों– भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज छह विश्व कप में भाग लेने वाली पहली महिला बन गई हैं।

मुख्य बिंदु– वह सचिन तेंदुलकर और जावेद मियांदाद के बाद छह विश्व कप खेलने वाली कुल मिलाकर तीसरी क्रिकेटर हैं। वह 2000, 2005, 2009, 2013, 2017 और अब 2022 में ICC महिला विश्व कप स्पर्धाओं में खेल चुकी हैं।

अन्य बिंदु– ICC महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 का आयोजन न्यूजीलैंड में हो रहा है।

भारतीय महिला निशानेबाजी टीम को ISSF विश्व कप में स्वर्ण पदक

चर्चा में क्यों– भारतीय महिला निशानेबाजी टीम ने ISSF विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

मुख्य बिंदु– मिस्र के काहिरा में आयोजित इस स्पर्धा में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में राही सरनोबत, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय टीम ने सिंगापुर को 17–13 से हराया। इस टूर्नामेंट में भारत का यह पाँचवाँ पदक है। टूर्नामेंट में भारत अब तक तीन स्वर्ण सहित कुल पाँच पदक जीत चुका है और पदक तालिक में दूसरे स्थान पर है।

करेंट अफेयर्स एक नजर

10 मार्च 2022

PERFECTION IAS

/PerfectionIAS

- वर्ष 2022 के अंतर्राष्ट्रीय साहसी महिला पुरस्कार के लिए चुनी गयी है – बांग्लादेश की पर्यावरणविद अधिवक्ता रिजवाना हसन
- एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने महिलाओं के लिए एक विशेष उधमिता प्रोत्साहन अभियान शुरू किया है – समर्थ अभियान
- हाल ही में प्रसार भारती ने जिस ओटीटी प्लेटफार्म के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, वो है – यप्प टीवी
- चार दिवसीय इंडो–पैसिफिक मिलिट्री हेल्थ एक्सचेंज (IMPHE) सम्मेलन का उद्घाटन किया गया – श्री राजनाथ सिंह द्वारा
- हाल ही में वायु सेना अकादमी के कमांडेंट के रूप में नियुक्त हुए हैं – बी० चंद्र शेखर
- हाल ही में पूर्वोत्तर के पहले राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई – त्रिपुरा में
- डोनेट–ए–पेंशन पहल शुरू की गई है – श्रम मंत्रालय द्वारा
- हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत का सबसे बड़ा व्यापार और सांस्कृतिक केंद्र खोला है – मुंबई में
- हाल ही में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2022 आयोजित किया गया है – बार्सिलोना में
- हाल ही में स्टडी इन इंडिया मीट 2022 का उद्घाटन किया गया है – ढ़ाका में

FREE SIX OPEN MOCK TEST AVAILABLE FOR BPSC 67TH

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com VISIT OUR WEBSITE